हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 2 अप्रैल 2025

04 तिलक लगाकर छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने ...



05 राजपूत सरदारों ने यूपी के राज्यसभा सांसद का ...





## खबर संक्षेप

### शतरंज प्रतियोगिता के पंजीकरण की अंतिम तिथि 3 अप्रैल

**सीहोर।** सीहोर जिला शतरंज संघ द्वारा 5 अप्रैल 2025 को स्वर्गीय रेखा तोमर की स्मृति में ओपन शतरंज चैम्पियनशिप, 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य नए एवं अनुभवी शतरंज खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान करना है। सीहोर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं सचिव महेन्द्र व्यास ने एक जानकारी में बताया कि डॉ एस एस तोमर के सहयोग से यह प्रतियोगिता इंदौर-भोपाल बायपास रोड, नायरा पेट्रोल पंप के सामने सीहोर स्थित एमराल्ड पैलेस में आयोजित की जा रही है। ओपन शतरंज प्रतियोगिता में दो श्रेणियों में 19 वर्ष से कम एवं 19 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। विजेताओं को ट्रॉफी एवं आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 3 अप्रैल 2025 तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### महिला आईटीआई में विशिष्ट प्लेसमेंट कार्यक्रम आज

**सीहोर।** सीहोर स्थित डॉ अम्बेडकर शासकीय महिला आईटीआई में आईटीआई उत्तीर्ण महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए 02 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक महिला विशिष्ट प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। बुधनी ट्राईडेट ग्रुप को आईटीआई उत्तीर्ण महिला प्रशिक्षणार्थियों की आवश्यकता है। इच्छुक आईटीआई पास छात्रायें 02 अप्रैल को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकती है।

### श्री दुर्गा सप्तशती के पूर्ण पाठ का संकल्प

**सीहोर।** इस साल भी नवरात्रि का पावन पर्व श्री सिद्धिदात्री अम्बा मंदिर सीवन नदी घाट सीहोर पर हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के साथ चैत्र नवरात्रि महापर्व धूमधाम से प्रारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर बद्रीनाथ धाम से प्राप्त ध्वज का ध्वजारोहण एवं ज्वारो का स्थापन पूजन के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ। मंदिर समिति के सचिव महेश शर्मा ने बताया प्रत्येक नवरात्रि में समिति के सभी सदस्य श्री दुर्गा सप्तशती के पूर्ण पाठ का संकल्प करते हैं, विद्वान पंडित जनों द्वारा देवालय में बैठकर पाठ संपादित किए जाते हैं। प्रतिदिन रात्रि मे 8.30बजे मां सिद्धिदात्री की आरती सम्पन्न होती है।

### सिविल अस्पताल में प्रसूता और नवजात की मौत का मामला

# सीएमएचओ सहित जांच दल पहुंचा अस्पताल, बंद कमरे में लिए डॉक्टर सहित स्टाफ नर्स के बयान

जिला चिकित्सा अधिकारी सुधीर डेहरिया का कहना है कि जांच दल के द्वारा विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है रिपोर्ट आने के उपरांत इस मामले में आगे की कार्रवाई होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सिविल अस्पताल में रविवार को प्रसूता व नवजात की मौत के मामले में मंगलवार को जिला चिकित्सा कार्यालय से पांच सदस्यीय जांच दल सिविल अस्पताल पहुंचा। इस दौरान सिविल अस्पताल में पदस्थ सीनियर महिला डॉक्टर रूकमणी गुलहारिया सहित ड्यूटी पर मौजूद मेडिकल ऑफिसर भारती पंडोले व ५ स्टाफ नर्सो से जिलाधिकारी के द्वारा बंद कमरे में चर्चा की गई। जांच दल के द्वारा विभिन्न पहलुओं पर जांच भी की गई । दल के द्वारा आज अपनी रिपोर्ट जिला चिकित्सा अधिकारी को सौंपी जाएगी। इस मामले में जिला चिकित्सा अधिकारी सुधीर डेहरिया का कहना है कि जांच दल के द्वारा विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है रिपोर्ट आने के उपरांत इस मामले में आगे की कार्रवाई होगी।

उल्लेखनीय है कि रविवार देर रात को सिविल अस्पताल में क्षेत्र के गांव तजपुरा निवासी माखन सिंह परते की २५ वर्षीय पुत्री




ममता पति मनफूल को दर्द होने पर रविवार दोपहर ढाई बजे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती के 10 घंटे बाद प्रसूता की डिलेवरी हुई थी, इस दौरान प्रसूता और उसके नवजात ने दम तोड़ दिया था। इस मामले में अस्पताल में पदस्थ सीनियर महिला डॉक्टर रूकमणी गुलहारिया सहित ड्यूटी पर मौजूद मेडिकल ऑफिसर भारती पंडोले व ५ स्टाफ नर्सो की लापरवाही से जान जाने का आरोप परिजनों के द्वारा लगाया गया है। मामला संज्ञान में आने के बाद सीबीएमओ मनीष सारस्वत के द्वारा इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए मेडिकल ऑफिसर सहित स्टाफ नर्सो को शोकाज नोटिस जारी किया था। मंगलवार को मामला मीडिया की सुर्खियों में रहने के बाद जिला चिकित्सा विभाग हरकत में आया और तत्काल जांच दल का गठन कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।




**भैरुंदा।** बंद कमरे में हुई जांच दल की बैठक।

### 2 घंटे से भी अधिक समय तक जिला अधिकारी व जांच दल ने की पूछताछ

जिला चिकित्सा अधिकारी सुधीर डेहरिया पांच सदस्यीय जांच दल के साथ मंगलवार को दोपहर 12 के लगभग सिविल अस्पताल पहुंचे थे। वह 2 घंटे से भी अधिक समय तक अस्पताल में रुके और उन्होंने बंद कमरे में सीनियर डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर व स्टाफ नर्सो से मामले के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वह भोपाल के लिए रवाना हो गए। जिले से साथ में आए पांच सदस्यीय जांच दल ने विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए बयान दर्ज किए हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी के भोपाल जाने के लगभग 1 घंटे बाद जांच दल जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुआ। माना जा रहा है कि दल के द्वारा आज जिला चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट पेश की जाएगी। इसके बाद मामले में दोषी पाये जाने पर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### संसाधनों के बावजूद नहीं मिल रही सुविधाएं प्रसूताओं को होना पड़ रहा परेशान

सिविल अस्पताल में संसाधन होने के बावजूद भी समय पर प्रसूति व गर्भवती महिलाओं को उचित इलाज नहीं मिल पाता। जिसके कारण उन्हें निजी अस्पताल की शरण में जाना पड़ता है। सबसे बड़ा मामला सोनोग्राफी को लेकर है, जिसमें सीनियर डॉक्टर के द्वारा अपनी मर्जी के हिसाब से सोनोग्राफी की जाती है। यह स्थिति पिछले कई वर्षो से देखने को मिल रही है। सोनोग्राफी मशीन के कमरे में अक्सर ताला डला रहता है। उन्हीं प्रसूताओं की सोनोग्राफी की जाती हैं, जो सीनियर डॉक्टर को घर जाकर अपना इलाज कराती है। सीनियर डॉक्टर की लापरवाही का यह मामला पहला नहीं है, इससे पूर्व भी कई प्रसूताओं के द्वारा डॉक्टर द्वारा अभद्रता किये जाने की शिकायत दर्ज कराई जा चुकी हैं। लेकिन अधिकारियों के द्वारा मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। यही कारण हैं कि रविवार को लापरवाही के चलतें जज्जा बच्चा दोनों को अपनी जान गवांनी पड़ी।

## विहिप ने गोबर पोतकर जलाया अखिलेश यादव का पुतला विरोध रैली निकालकर सौंपा राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन

**सीहोर।** जिन लोगों को दुर्गंध पसंद है, वे गौशाला बनाते हैं,जैसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सांसद अखिलेश यादव के बयान का असर जिला मुख्यालय पर मंगलवार को देखने को मिला। भारतीय गौवंश रक्षण एवं संवर्धन परिषद मध्य भारत प्रांत विश्व हिंदू परिषद ने जोरदार विरोध जताया। भोपाल नाके पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अखिलेश यादव के पुतले पर गौबर और गौमूत्र पोता जिस के बाद जूतों से पुतले को मारकर आक्रोश व्यक्त करने के बाद पुतले पर पेट्रोल डालकर जला दिया। भारतीय गौवंश रक्षण एवं संवर्धन परिषद मध्य भारत प्रांत विश्व हिंदू परिषद ने कहा कि सांसद अखिलेश यादव द्वारा सार्वजनिक रूप से अत्यंत आपत्तिजनक एवं निंदनीय बयान देकर गौ माता और हिंदू धर्म, सनातन संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं का घौर अनादर अपमान किया है। सनातन धर्म में गाय केवल एक पशु नहीं, अपितु मातृ स्वरूपा एवं पूजनीय है। गौशालाएं हमारी श्रद्धा, सेवा एवं भक्ति का प्रतीक हैं, जो हजारों वर्षो से भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रही हैं। ऐसे में, किसी भी व्यक्ति, विशेष रूप से एक जनप्रतिनिधि, द्वारा इस प्रकार की असंवेदनशील, तुच्छ एवं



धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी न केवल अक्षम्य है, बल्कि देश की धार्मिक एवं सामाजिक एकता के लिए भी घातक है।

भारतीय गौवंश रक्षण एवं संवर्धन परिषद मध्य भारत प्रांत विश्व हिंदू परिषद तत्काल अखिलेश यादव द्वारा दिए गए इस अपमानजनक बयान पर संज्ञान लेकर कठोर कानूनी कार्रवाई करने,उनकी संसद सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने और भविष्य में कोई भी व्यक्ति,गौ माता, हिंदू धर्म, या किसी भी धार्मिक आस्था का अपमान करने का दुस्साहस करने वाले व्यक्ति पर एनएसए लगाने की मांग केंद्र सरकार से करता है। ज्ञापन में भारतीय गौवंश रक्षण एवं संवधज़्न परिषद मध्य भारत प्रांत विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार शाही जिला गौ रक्षा प्रमुख,जितेन्द्र नरोलिया, विश्वहिंदू परिषद जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा महेश मेवाड़ा जिला कोषाध्यक्ष जिला मार्गदर्शक पं मोहितराम पाठक आशीष सिसोदिया जिला सहसंयोजक नगर अध्यक्ष परमवीर जाट नगर उपाध्यक्ष आशीष कुशवाह नगर मंत्री यज्ञशजी प्रभात मेवाड़ा नगर संयोजक रोहन यादव नगर गोरक्षा प्रमुख अर्जुन सोनी नगर विशेष संपर्क प्रमुख सुनील वर्मा नगर समरसता प्रमुख जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर जाट जिला सेवा प्रमुख डॉ गगन नामदेव, बलउपासना प्रमुख अनिरुद्ध प्रताप सिंह चौहान रमेश वर्मा प्रखंड मंत्री राधे श्याम मेवाड़ा नगर विशेष संपर्क प्रमुख गौरव यादव शुभम मालवीय समीर राय भगवान दास कुशवाहा दीपक, क्षितिज मितेश अंकित सम्मिलित हुए।

**संविदा नीति 2025 में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने की संशोधन की मांग :** संविधा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अम्बर मालवीय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अन्तर्गत 20 वर्षो से अधिक समय से कार्यरत लगभग 32000 कर्मचारी प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएँ सुचारू रूप से देते आ रहे हैं, कोरोनाकाल जैसे गंभीर महामारी में भी अपने परिवार एवं जीवन की परवाह किए बगैर सेवाएँ दी हैं। इन्हीं सेवा-भाव को दृष्टिगत रखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा दिनांक 04.07.2023 को भोपाल में महापंचायत बुलाकर संविदा कर्मचारियों के लिए अनेक घोषणाएँ की थी। जिसके परिपालन मे सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23.07.2023 को संविदा कर्मचारियों के लिए एक नीति की सौगात दी गई, परन्तु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के द्वारा संविदा कर्मचारियों को दी गई सुविधाओं में कटौती की गई है। संविदा कर्मचारियों की मांग है कि विभाग में रिक्त पदों पर संविलियन किया जाकर, नियमित किया जावे। पूर्व से दी जा रही सुविधाओं में ई.एल. एवं मेडिकल को पृथक कर दिया है। अनुबंध प्रथा को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया गया है। अप्रेजल जैसी कुरीति को यथावत रखा गया है। सेवा निवृत्ति की आयु में 65 वर्ष से घटाकर 62 वर्ष किया गया है। एन.पी.एस., ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य बीमा एवं डी.ए. की सुविधा से वंचित रखा गया है। शासन द्वारा समकक्षता (वतन विसंगति) का निर्धारण गलत तरीके से किया गया है, जिसमें पुनः विचार कर संशोधन किया जावें। निष्कासित सपोर्ट स्टॉफ एवं मलेरिया एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में वापसी। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कर्मचारियों की जायज उक्त माँगों का शीघ्र ही निराकरण नहीं किया जाता है तो समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आन्दोलन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदार शासन प्रशासन की होगी।




### फूल माला पहनाकर विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

# देश, समाज और स्वयं की उन्नति का मार्ग केवल शिक्षा ही हैः कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के साथ ही जिले में स्कूल चले हम अभियान एक अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। इस अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम सीहोर स्थित शासकीय सीएम राइज मनुबेन स्कूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अक्ष्यक्ष प्रिंस राठौर तथा भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र की उन्नति तभी हो सकती है, जब उसके नागरिक शिक्षित और संस्कारवान हों। राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षित और संस्कारवान बनाने में शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को विद्यालयों में बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ ज़रूर पढ़ाना चाहिए।

शिक्षा समाज की रीढ़ है। शिक्षा के बिना मनुष्य, बिना बुनियाद की इमारत की तरह होता है। व्यक्तित्व, समाज तथा राष्ट्र के निर्माण के लिए केवल शिक्षा ही एक मात्र माध्यम है। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम राइज मुनबेन स्कूल में स्कूल चले हम अभियान के शुभारंभ अवसर पर कही। कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि शिक्षा हमें लक्ष्य निर्धारित करने, सफलता प्राप्त करने और चुनौतियों से सामना करके आगे बढ़ने के लिए प्ररित और पारंगत करती है।

आत्मविश्वास विकसित करने में भी शिक्षा का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को साहसी, सशक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाती है। शिक्षित व्यक्ति सदैव सम्मान पाता है, शिक्षा की शक्ति के आगे सब कमजोर हैं। विद्या एक ऐसा धन है जिसे कोई छीन नही सकता है और ज्ञान ही है जो बांटने से तेजी से बढ़ता है। कलेक्टर बालागुरू के. ने अपने स्कूली समय के अनुभव को साझा करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ सही दिशा में कठिन परिश्रम करें तो प्रतिकूल परिस्थितियाँ भी आगे बढ़ने से नहीं रोक सकतीं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए शिक्षा के अवसर और संसाधन उपलब्ध करा रही है। अब विद्यार्थियों को केवल परिश्रम करना है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के बाद गुरु का सर्वोच्च स्थान है। शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से समर्पित भाव से पढ़ाने के लिए कहा।

खबर संक्षेप

### लघुरुद्र यज्ञ शुरू रामनवमी पर होगा समापन

**भैरूंदा**। गांव बालागांव में सोमवार को कलश यात्रा के साथ 34वें लघुरुद्र यज्ञ की शुरुआत हुई। यह सात दिवसीय यज्ञ 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन संपन्न होगा। हर साल ग्रामीण भगवान श्रीराम के जन्म अवसर पर अग्निदेव स्थल पर यज्ञ कराते हैं। इस बार यज्ञ के संयोजक ब्रह्मलीन अग्निदेव पड़िहार शंकरलाल और जोशीदेव रविशंकर हैं। यज्ञ के यजमान भुजराम राठौर हैं। यज्ञाचार्य मुकेश चतुर्वेदी खातेगांव से हैं। रामनवमी के दिन चौपड़ प्रतियोगिता रखी गई है। इसमें पहला पुरस्कार 14 हजार, दूसरा 10 हजार, तीसरा पांच हजार और चौथा तीन हजार रुपए रखा गया है। 2 अप्रैल को गणगौर कार्यक्रम होगा। 3 अप्रैल को गेराघम्मत का आयोजन किया जाएगा।

### प्रदेशाध्यक्ष बने चंद्रप्रकाश




**सीहोर**। अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा ने सोमवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश त्यागी ने चंद्रप्रकाश त्यागी छिंगू भैया को मध्यप्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया। नियुक्ति के बाद चंद्रप्रकाश त्यागी ने कहा, डॉ. त्यागी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी आस्था और ईमानदारी से निभाया जाएगा। चतुर्नारायण शर्मा भोपाल, कुलदीप त्यागी, कमलेश त्यागी, सतीश त्यागी, रितेश त्यागी, प्रांजल त्यागी ने बधाई दी है।

### स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां भी सुनाईं

# तिलक लगाकर छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने किया स्वागत और आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियां

**नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत 1 अप्रैल से हो गई है। स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूलों में 4 अप्रैल तक हर दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित होंगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





जनपद शिक्षा केन्द्र के तहत आने वाले सरकारी और निजी विद्यालयों में मंगलवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर और पुष्प मालाएं पहनाकर शिक्षकों ने स्वागत किया। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गई। गौरतलब है कि स्कूलों में नएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत 1 अप्रैल से हो गई है। स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूलों में 4 अप्रैल तक हर दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित होंगी । इसमें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों को भी शामिल होने का मौका मिलेगा।

पहले दिन मंगलवार को शासकीय मिडिल स्कूल नादान में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला प्रभारी स्वरूप सिंह गोफनिया, शिक्षक कमलसिंह मालवीय, ममता समाधिया, मेहरबान प्रजापति, अतिथि शिक्षक अब्दुल अनीस , शिवानी जयसवाल ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। साथ ही निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गई। इसके अलावा बालसभा का आयोजन किया जिसमें बच्चों ने अपनी रूचि अनुसार गीत, चुटकुले, भाषण आदि की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार मिडिल स्कूल ब्रिजिसनगर , लसूड़िया कांगर , खेरी, आर्या, दीवड़िया , कालापीपल आदि में भी स्कूल चलो अभियान के तहत प्रवेशोत्सव सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

#### यह होंगे कार्यक्रम

बीआरसीसी सुभाष चन्द्र दूबे ने बताया कि सभी शाला प्रभारियों को निर्देश दिए गए है कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कढ़ाई से पालन करें। अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में छात्र छात्राओं के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाए। पहले दिन यानी 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव, बालसभा का आयोजन कर बच्चों को विशेष भोजन परोसा जाएगा। दूसरे दिन बुधवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को प्रेरक की भूमिका में विद्यालय में आमंत्रित करेंगे। वह बच्चों को पढ़ाई का महत्व और प्रेरणादाई कहानियां सुनाएंगे। 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां होंगी।

#### हार के आगे जीत है

4 अप्रैल को खास कार्यक्रम हार के आगे जीत है होगा। इसमें फेल होने वाले विद्यार्थियों और उनके पालकों की काउंसलिंग कर बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए समझाया जाएगा।

उन्हें बताया जाएगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छे भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी।

**स्कूलों में प्रवेशोत्सव : छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत**

## नन्हे-मुन्ने बच्चों का हाथ थामकर क्लास में छोड़ा, उन्हें उपहार भी भेंट किए



**भैरूंदा**। एक अप्रैल को भैरूंदा विकास खण्ड में सभी शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कड़ी नगर के सीएम राइज स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया। इस दौरान स्कूल में आए छात्र-छात्राओं को तिलक लगाया और फूलो की माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। वहीं बच्चों के परिजनों, का उपस्थित अतिथियों ,जनप्रतिनिधि और स्कूल के शिक्षकों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत सत्कार किया। साथ आए परिजनों और छात्र छात्राओं का,पुर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, शिक्षा विकास खण्ड अधिकारी ललित कीर, बीआरसी विजय पंवार, पर्षदगण और जनप्रतिनिधि एवं स्कूल प्राचार्य शेलेंद्र लोया सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओ ने फूलवर्षा कर स्वागत सत्कार किया। वही शामिल हुए अतिथियों ,अधिकारियो जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों ने छोटे, छोटे बच्चो का हाथ थामा और उन्हें क्लास के रूम में छोड़ा प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सर्वप्रथम अतिथियों ,जनप्रतिनिधि और अधिकारियो ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुजा अर्चना की। वही सीएम राइज स्कूल प्राचार्य शेलेंद्र लोया द्वारा सभी अतिथियों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

**उपस्थित अतिथियों ने छात्र ,छात्राओं को दिए टिप्स :** सीएम राइज स्कूल में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। और छोटे ,छोटे बच्चो का हाथ थामकर क्लास रूम में छोड़ा। वही बच्चों को पुस्तके वितरण की। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां भी सुनाईं। स्कूलों में त्योहार मनाने का महत्व बताते हुए। बच्चों को विभिन्न परंपराओं, संस्कृतियों, जातियों और त्योहारों के बारे में जानकारी दी और कहा सामुदायिक भावना और अपनेपन की भावना बढ़ती है। अंत में सीएम राइज स्कूल प्राचार्य शैलेंद्र लोया सभी उपस्थित अतिथियों, जन प्रतिनिधियो, छात्र छात्राओं,परिजनों का अभार प्रकट किया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मैं शामिल हुए, पुर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, और पार्षदगण, भैरूंदा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित किर, बीआरसी विजय पंवार, सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य शेलेंद्र लोया, सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सफाई नहीं होने से आक्रोशित नपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने भाजपा नेता के घर के सामने खड़ी की गंदगी से भरकर ट्रैक्टर व ट्रॉली



**इछावर**। नगर के वार्डों में नियमित साफ सफाई नहीं होने से जनप्रतिनिधियों को वार्डवासियों की नाराज़गी और विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन मंगलवार को मामला इसके उलट नजर आया। दरअसल नपं उपाध्यक्ष के ही वार्ड नंबर 14 में पिछले एक सप्ताह से सफाई नहीं होने से उपाध्यक्ष खासी नाराज हो गई ।

इस दौरान उनके प्रतिनिधि ने कचरा और गंदगी से भरी ट्रैक्टर ट्राली भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना के घर के सामने खड़ा कर दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू मीणा ने बताया की उनके वार्ड में पिछले कई दिनों से साफ-सफाई नहीं की गई। इससे वार्ड में जगह जगह कूड़ा - कचरा और गंदगी के ढेर लग रहा है। गंदगी के कारण वार्डवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई को लेकर कई बार नपं सीएमओ और अन्य जिम्मेदारों को कहा गया, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इसी के चलते विरोध स्वरूप मैंने नपं का अप्रत्यक्ष रूप से संचालन करने वाले एवं भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश सुराना के घर के सामने खड़ा किया है।

ताकि उन्हें भी घर के सामने गंदगी पड़ी होने से होने वाली परेशानी का अहसास हो सके। हालांकि घटना के कुछ घंटे बाद ही सीएमओ ने सफाई कर्मियों को भेजकर वार्ड 14 की साफ-सफाई करवा दी। इस संबंध में नपं सीएमओ प्रभारी त्रिलोक पवार का कहना है कि ईद पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाता है, जिससे कर्मचारी ईदगाह पर व्यस्त थे इसलिए वार्ड की सफाई नहीं हो पाई थी लेकिन शिकायत मिलते ही तत्काल सफाई कराई गई है तथा अब वापस हर वार्ड की सफाई सुचारु रूप से रोज कराई जाएगी।

## चार दिन बदला रहेगा मौसम, ओले-बारिश के साथ आंधी चलने की भी संभावना, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ओले-बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से जिले में अगले 4 दिन मौसम बदला रहेगा। इस दौरान कहीं ओले गिरेंगे तो कहीं 40 से 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी। सोमवार रात को हल्की बारिश रिकार्ड किए जाने के बाद मंगलवार को भी दिन भर आसमान पर बादल छाए रहे।

सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और उनकी घनता लगातार बढ़ रही है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले चार दिन गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इसके साथ कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार लो प्रेशर जोन बनने और टर्फ लाइन के प्रभाव से बारिश की पूरी संभावना है। एक टर्फ दक्षिण छत्तीसगढ़ से विदर्भ होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक गुजर रहा है। वहीं, यहां से साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी गुजर रहा है। इस वजह से प्रदेश में मौसम बदलेगा। शुरुआत में दक्षिणी हिस्से में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। फिर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश, आंधी और गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। आरएके कॉलेज कृषि कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर सत्येंद्रसिंह तोमर ने बताया कि मंगलवार को न्यूनतम तापमान 23 और अधिकतम 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। मार्च के अंतिम सप्ताह में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था। अब 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

#### सोमवार रात हुई हल्की बूंदाबांदी

सोमवार रात जिले में अनेक स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी रिकार्ड की गई। शहर में भी रात के समय हल्की बूंदाबांदी रिकार्ड की गई। मंगलवार को भी आसमान पर काले बादल छाए रहे। बारिश की भी संभावना बनी रही। किसानों का कहना है कि यदि बारिश हुई तो इससे फायदा कम, लेकिन जिन किसानों ने रबी फसल की कटाई नहीं की या खेतों में कटी पड़ी है तो उसको नुकसान हो सकता है। इससे किसानों को चिंता बढ़ती जा रही है।

#### अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा

बता दें कि मार्च से गर्मी के सीजन की शुरुआत हो जाती है। अगले 3 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मई तक 15 से 20 दिन हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा हो सकता है। इस कारण 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार माह अप्रैल-मई 2025 में तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है।

इसके कारण अधिकांश भागो में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। जिले में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जिला स्तर पर जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव तथा निर्देश जारी किये गये है। इस संबध में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं और प्रकोप से बचाव के निर्देश जारी किये है।

## श्रीश्री 1008 उद्धवदास त्यागी महाराज के श्री मुख से बहेगी कथा की अविरल रसधारा

**श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर भव्य श्री रामकथा कथा कल से**



**सीहोर**। शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विश्नाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्ष की गौरवषाली परम्परा अनुसार इस बार भी श्री हनुमान जन्म महोत्सव के शुभ अवसर पर 3 अप्रैल गुरूवार से नौ दिवसीय भव्य श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की शुरूआत में कलश यात्रा निकाली जाएगी। समिति द्वारा श्री रामकथा आयोजन का प्रचार-प्रसार का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। श्री हनुमान प्राकटयोत्सव पर अखण्ड रामायण के साथ ही 12 अप्रैल को मंदिर परिसर में विशाल भण्डारे का आयोजन भी रखा गया है।

मंदिर समिति एवं कालोनी वासियों द्वारा भव्य श्रीराम कथा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, कथा आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस सम्बंध में मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर के प्रसिद्ध कथावाचकों एवं साधु-संतो को कथा के आमंत्रण पत्र दिए गए हैं। समिति द्वारा आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर कथा के आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। 3 अप्रैल गुरूवार से 11 अप्रैल शुक्रवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में शहर के सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी त्यागी आश्रम सीहोर द्वारा सभी भगवत जनों को रामकथा की रसास्वादन कराया जाएगा।

कथा आयोजन समिति द्वारा कथा पांडाल को सुन्दर तरीके से सजाया जा रहा है, विष्वनाथपुरी व कंचनविहार कालोनी के युवा साथियों की टीम कथा आयोजन की तैयारियों में पूर्ण सहयोग कर रही है वहीं कालोनी वासियों में कथा को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। कथा के शुभारम्भ पर गुरूवार 3 अप्रैल को सायं 4 बजे पशुपतिनाथ मंदिर अवधपुरी से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें बडी संख्या में महिलाएं और पुरूष शामिल होंगे। कलश यात्रा में महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज भी प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे। कलश यात्रा चाणक्यपुरी के प्रमुख मार्ग से होती हुई कथा स्थल श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर तक पहुंचेगी। मंदिर समिति के संरक्षक अनारसिंह चैहान, रामलाल चैधरी, माखनसिंह चैहान, अमित नीखरा, मंदिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्रसिंह चैहान, कथा समिति के अध्यक्ष कमलसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, राहुल वर्मा, गोपालदास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष किषन राठौर, सह सचिव संजय भावसार, मीडिया प्रभारी आनंद अग्रवाल, संगठन मंत्री पंकज ठाकुर, मुकेश भावसार, संतोष परमार, मुकेश मंडलोई, घनश्याम बुन्देला सहित अनेक समिति सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीराम कथा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। कलश यात्रा में भी नारायणी महिला मंडल द्वारा समस्त महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया गया है। महिला मंडल द्वारा भी कालोनी में सम्पर्क कर कथा का आमंत्रण दिया जा रहा है।

**दूसरे साल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

# समाज को एकजुट करने का माध्यम है खेल प्रतियोगिताः नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के आवासीय खेलकूद संस्थान पीजी कालेज भोपाल नाके पर श्री कृष्ण यादव ग्वाला समाज के तत्वाधान में लगातार दूसरी साल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि समाज के प्रतिभाशाली खिलाड़ी समाज का नाम रोशन करते है और समाज को एकजुट करने का माध्यम है इस तरह की खेल प्रतियोगिता।

उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्री कृष्णा ग्वाला गवली यादव समाज के तत्वाधान में द्वितीय वर्ष तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन सिद्धपुर का आयोजन सिद्धपुर की पावन धरा पर आयोजित किया गया जिसमें तीन राज्यों की टीमों ने भाग लिया (राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश) की 34 टीमों ने भाग लिया इसमें विजेता आगर मालवा की टीम ओर विजेता शुजालपुर की टीम रही विजेता टीम को 41 हजार उपविजेता को 21 हजार की इनामी राशि दी गई टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज नीमच के अक्षय दीवान शुजालपुर बेस्ट बॉलर अभिषेक चौधरी वेस्ट कीपर सीहोर के कपिल महाते बेस्ट फील्डर नितेश हिनंवार रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच आगर मालवा और शुजालपुर के मध्य खेला गया था। इस कांटे के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए शुजालपुर की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में 62 रन बनाए थे।

वहीं आगर मालवा की टीम ने यह स्कोर 7.4 ओवर में हासिल कर विजेता का ताज अपने नाम किया। प्रतियोगिता में समाज के अध्यक्ष पार्षद घनश्याम यादव, रोहित यादव, राकेश यादव, केके यादव, नरेश यादव, नितेश यादव, कपिल यादव, प्रकाश यादव, उमेश यादव, रिंकू यादव आदि शामिल थे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर बालागुरू के तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले भर से आए 60 नागरिकों की सुनवाई की और निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

**मुआवजा राशि की गुहार लेकर पहुंची आवेदिका :** आज आयोजित जनसुनवाई में ग्राम मगरदी खुर्द निवासी आवेदिका सुगन बाई ने कलेक्टर बालागुरू के से गुहार लगाते हुए कहा कि पार्वती बांध परियोजना में उनका मकान डूब क्षेत्र में चला गया है, इसका उन्हें कोई नोटिस नही दिया गया और न ही मकान का मुआवजा दिया गया है। सुगन बाई ने कलेक्टर बालागुरू के को बताया कि उनके पति की मृत्यु हो गई है और उनके तीन बच्चे हैं। उनके पास आय का कोई साधन नही है। सुगन बाई ने कलेक्टर बालागुरू के से पात्रतानुसार सहायता दिलाने एवं उनके मकान का उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। कलेक्टर बालागुरू के ने पात्रता के अनुसार सुगन बाई को योजनाओं का लाभ दिलाने और मुआवजे के सम्बंध में नियमानुसार कार्यवाही के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

## करणी सेना के बैनर तले मुख्यालय पर एकत्रित हुआ जिले का राजपूत समाज

# राजपूत सरदारों ने यूपी के राज्यसभा सांसद का पुतला फूंक सौंपा ज्ञापन

## सांसद रामजीलाल की राज्यसभा सदस्यता को निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

उत्तर प्रदेश के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा विगत दिनों महाराणा सांगा के खिलाफ दिए गए बयान की पूरे देश में सर्वत्र निंदा की जा रही है। सांसद सुमन द्वारा एक वीर महापुरुष के विरुद्ध दिए गए बयान से न केवल पूरे देश के राजपूतों में रोष व्याप्त है वहीं अन्य समाजों द्वारा भी तीखी निंदा की जा रही है।

इसी कड़ी में मंगलवार दोपहर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के बैनर तले जिले भर के विभिन्न स्थानों से राजपूत समाजजन मुख्यालय पर एकत्रित हुए। यहां खिलचीपुर नाके पर धरना देने के उपरान्त शिवाजी चौक पर सांसद सुमन के पुतले पर लात-घूंसे चलाते हुए उसे आग के हवाले कर दिया। इसके साथ ही समाजजनों द्वारा सुमन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी गई। इसके उपरान्त सभी ने राष्ट्रपति के नाम का एक ज्ञापन तहसीलदार अनिल शर्मा को सौंपा।



इस ज्ञापन में सांसद सुमन की राज्यसभा सदस्यता तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की गई है। इसके साथ ही मांग रखी गई कि सांसद सुमन को संसद के पटल से सार्वजनिक रूप से पूरे देश से मांफी मांगनी चाहिए। महापुरुषों के खिलाफ दुष्प्रचार एवं राष्ट्रविरोधी वक्तव्यों पर यदि कठोरतम कार्यवाही नहीं की गई तो यह न केवल लोकतंत्र के लिए घातक होगा बल्कि इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने वालों को भी खुली छूट मिलेगी।

### यह रहे मौजूद

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खिंची, जिलाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह सोनगिरा, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौड़ सहित दीपेंद्र सिंह चौहान, मनोज हाड़ा, विजयपाल भाटी, कमलसिंह सोनतिगरा, बृजराज सिंह खिंची, पदमसिंह, प्रियवृत सिंह, लाला बना, सुरेंद्र सिंह हाड़ा, नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, सोनूसिंह, जीतेंद्र सिंह, रामबाबू राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।

### यह था सांसद सुमन का विवादित बयान

21 मार्च को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा के दौरान चली बहस में सांसद सुमन ने कहा था कि राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए मुगल सम्राट बाबर को भारत में आमंत्रित किया था। ये तो बीजेपी के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आगे उन्होंने कहा था कि इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा ने बाबर को भारत बुलाया था तो मुसलमान तो बाबर की औलाद हैं और तुम गद्दार सांगा की औलाद हो।

## नपा की दमकल और वनकर्मियों ने पाया आग पर काबू

# जालपा पहाड़ी के समीप वनक्षेत्र में लगी आग



**राजगढ़।** गर्मी का मौसम आते ही क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं तेज होती जा रही हैं। पिछले दिनों तंवरवाड़ क्षेत्र के कुछ गांवों सहित राजगढ़ के पार्क की सूखी झाड़ियों में भभकी आग के बाद मंगलवार को फिर से आगजनी की घटना हुई। इस बार जालपा माता पहाड़ी के समीप भाटपुरा जोड़ के वनक्षेत्र की सूखी घास में अज्ञात कारणों से लगी आग धीरे-धीरे बढ़कर काफी क्षेत्र में फैल गई। आसपास से काफी धुआं उठता देख ग्रामीणों द्वारा तुरंत इस बात की सूचना नगर पालिका को दी गई। लेकिन, उस समय राजगढ़ नपा की फायर ब्रिगेड एक अन्य स्थान पर लगी आग को बुझाने में लगी हुई थी। ऐसे में दूसरी फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचाई गई वहीं वन अमला भी घटनास्थल पर पहुंच गया। वन अमले के पास भी आग बुझाने हेतु फायर इंजन व अन्य साधन मौजूद थे। सामुहिक प्रयासों से काफी समय की मषक्कत के बाद अंततः आग पर काबू पाया जा सका। ईष्वरीय कृपा से इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## गोमांस पकाने की सूचना पर मस्जिद पहुंचा प्रशासन, लिए सैंपल



**राजगढ़।** स्थानीय तोपखाना गली स्तिथ मस्जिद में गोमांस पकाए जाने की सूचना पर पुलिस, प्रशासन को मिली थी। त्यौहार पर इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार रात्रि पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। दरगाह के अंदर मांस तो पकता मिला लेकिन वो गोमांस है या अन्य किसी और पशु का मांस, इसकी बात की पुष्टि के लिए खाद्य विभाग की टीम को मौके पर बुलवाया गया जिन्होंने उक्त खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए। रात्रि 9:30 बजे तक यह कार्यवाही जारी रही। इस दौरान मौके पर एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार अनिल शर्मा, टीआई उमाशंकर मुकाती समेत पुलिस बल तैनात रहा। मामले की संवेदनशीलता को देखते इस संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। अधिकारियों का कहना है की सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही होगी।

## नव संवत्सर पर फहराया केसरिया ध्वज



**जीरापुर।** नगर में उत्साह के साथ नव संवत्सर मनाया गया। नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 को लेकर हिंदू संगठनों द्वारा नगर में जगह-जगह केसरिया ध्वज पताका, स्वागत द्वार लगाये गये जिससे पूरा नगर केसरिया नजर आया एवं नव संवत्सर को लेकर हिंदू संगठनों में खासा उत्साह दिखाई दिया - जिन्होने तिलक लगाकर लोगों शुभकामनाएं दी। नगर परिषद द्वारा हिंदू नव संवत्सर नये साल के स्वागत नगर में आतिशबाजी कर एक दूसरे को नये साल की शुभकामनाऐं दी। गीता स्वाध्याय मंडल ने सूर्य को अर्ध देकर निकाली रैली स्थानीय सांदीपनी गीता स्वाध्याय मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी हिंदू नव संवत्सर बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया इस मौके पर स्वाध्याय मंडल द्वारा नगर के छॉपीबांध पर भगवान सूर्य नारायण को अर्ध दिया एवं सूर्य उपासना, पूजा अर्चना की जाकर आरती की गई तदुपरांत मंडल के सभी सदस्य कतारबद्ध होकर छापीबांध से रैली निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए किशनगढ़ मंदिर पर पहुंची इस दौरान हिंदू नव वर्ष की एक दूसरे को शुभकामनाऐं दी गई। इस रैली का नेतृत्व सेवानिवृत्त शिक्षक रमेशचंद्र नागर द्वारा किया गया रहे। इस मौके पर गीता स्वाध्याय मण्डल अध्यक्ष घनष्याम भिलाला, नरवरसिंह पंवार, ललित जोशी, गिरिराज गुप्ता, खेमचंद सोनी, सत्यनारायण गुप्ता, नंदकिशोर जानोरिया, दामोदर बरोंज, हरिश तिवारी, मनीष गुप्ता, रमेशचंद्र सोनी आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

### हवन आरती के साथ अखंड रामायण स्थापना दिवस मनाया

**सारंगपुर।** नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर स्थित रामायण मंदिर में स्थापित राम नाम बैंक पर हिंदू नव वर्ष के अवसर पर अखंड रामायण का स्थापना दिवस के साथ दिव्य एवं भव्य रूप से राम नाम लेखन कराया गया। इसके पूर्व हवन कर महाआरती की गई। समिति की और से भंडारे का आयोजन भी किया। इस दौरान नगर के सभी सनातनी धर्म प्रेमी बंधु सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय यह है कि कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर कपिलेश्वर तीर्थ विकास एवं भजन मंडल समिति के संस्थापक अध्यक्ष कुमेंर सिंह सोलंकी एवं सचिव कैलाश शर्मा सहित समिति के सदस्यों द्वारा द्वारा 14 वर्ष पूर्व अखंड रामायण प्रारंभ की गई थी इस रामायण मंदिर में गत वर्ष राम नाम बैंक की स्थापना भी की गई उस बैंक में लगातार लोग राम नाम लिखकर जमा कर रहे हैं राम नाम बैंक में जोड़ने के लिए मनोज पुष्पद राजेश झंकार की टीम ने नगर वासियों से संपर्क कर हिंदू नव वर्ष की बेला में भव्य दिव्य रूप से राम नाम लेखन का कार्य किया।

# पुराने जल स्त्रोत की सफाई कर जल संवर्धन अभियान की शुरुआत की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में नदी कुआं, तालाब, बावड़ी आदि जल स्त्रोत की सफाई और संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक लगातार तीन महीनों तक सतत संचालित रहेगा। इस अभियान की शुरुआत नगर में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में पीपल्दा रोड खाड़ी वाले बालाजी मंदिर के समीप नदी एवं प्राचीन घाट की सफाई की।

सर्वप्रथम विधायक ओर परिषद सदस्यों द्वारा मंदिर में बालाजी का पूजन एवं घाट पर जल गंगा की पूजन आरती कर अभियान की शुरुआत की। पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णुसिंह पवांर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी पार्षद प्रतिनिधि शिवचरण मंडलोई, शम्भू वर्मा कमल झावा एवं देवकीनंदन जमींदार आदि जनप्रतिनिधिगण परिषद सदस्य एव गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवम कर्मचारियों द्वारा नदी और घाट पर सफाई हेतु श्रमदान कर जल के अपव्यय को रोकने एवं जल स्त्रोत को स्वच्छ रखने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय ओंकार मंडलोई, विशाल दांगी, कमल भावसार, भगवान सिंह परिहार, जितेंद्र तिवारी, हनुमान तिवारी, आजाद झावा, महेश झावा, मनीष आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए

# लिंबोदा गोशाला में विधायक ने किया टीन शेड का भूमिपूजन



**खुजनेर।** श्री कृष्ण गो शाला सेवा समिति द्वारा लिम्बोदा गो शाला में टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव, जनपद अध्यक्ष फूल सिंह तंवर द्वारा किया गया। विधायक अमर सिंह यादव द्वारा संबोधित करते हुए कहा बिना जन सहयोग से गो शाला सुचारू रूप से नही चल सकती। सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए और समिति के सदस्यों के कार्य की सहारना करते हुए कहा अंगद जी जैसे पैर जमा के रखना गौ सेवा के लिए समिति द्वारा उत्तम कार्य किया जा रहा। जिसमे दुर्गालाल किरार सरपंच कमल यादव, दीपक किरार समिति अध्यक्ष, राम चाँवला समिति सचिव ,जितेंद्र सिंह सचिव अशोक कारपेंटर ,राहुल कारपेंटर देवसिंह ,गिरिराज सेन, नारायण सिंह, सवालसिंह सहित आदि समिति के सदस्य और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## जिले भर में उल्लास के साथ मनाया गया त्योहार

# ईद की नमाज में मांगी खुशहाली और चैनो-अमन की दुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रमजान के मुबारक 30 दिनी रोजे पूर्ण होने पर सोमवार शाम चांद नजर आने मंगलवार को ईद का त्योहार संपूर्ण जिले में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। ईद का चांद नजर आने के बाद रात्रि में ही आतिशबाजी और खुशियों का दौर शुरू हो गया। मंगलवार सुबह मुख्यालय के पुरा क्षेत्र स्थित ईदगाह में नगर के सैकड़ों मुस्लिमजनों द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा करते हुए मालिक से देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। ईदगाह की नमाज उपरान्त बाबा बदख्सानी की दरगाह, बांस वाली मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में नमाजें अदा की गई है। नमाज उपरान्त सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की त्यौहार पर बच्चे ज्यादा ही उत्साहित नजर आए वहीं बढ़ों ने उन्हें ईदी भेंट की।

### कांग्रेस और नपा ने किया स्वागत

ईदगाह के समीप जिला कांग्रेस के तत्वावधान में मुस्लिमजनों के स्वागत, अभिनंदन के लिए कार्यक्रम रखा गया। नमाज उपरान्त पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी सहित अन्य इंकाजनों ने मुस्लिमजनों के गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इसी तरह बाबा बदख्सानी की दरगाह और मस्जिद में नमाज पढ़ने आए लोगों के लिए नगर पालिका ने भी स्वागत कार्यक्रम आयोजित करवाया।

### लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शाह की मौजूदगी में बैठक का हुआ आयोजन

**सारंगपुर।** गत दिवस लायंस क्लब सारंगपुर, पचोर उड़ान, खिलचीपुर एवं लायंस क्लब नरसिंहगढ़ के संयुक्त तत्वावधान बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मनीष शाह उपस्थित रहे। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शाह के साथ सारंगपुर लायंस क्लब की अध्यक्ष लायन प्रभा पालीवाल एवं अन्य क्लबों के अध्यक्ष, रीजन चेयरपर्सन डॉ. आर.एम. शुक्ला, झोन चैयरपर्सन लायन सुषमा गोयल को मंचासिन किया गया। सारंगपुर क्लब में इस वर्ष की अभी तक हुई गतिविधियों का प्रतिवेदन सचिव लायन अंजलि जोशी ने प्रस्तुत किया और संचालन महेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओपी विजयवर्जीय नागेश विजयवर्गीय, राजेंद्र पालीवाल, ममता शर्मा, रूपा बरकिया, प्रदीप जोशी, मधु चौहान सहित पचोर, खिलचीपुर नरसिंहगढ़ क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

# हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के साथ-साथ आराध्य देव महर्षि गौतम की जयंती मनाई



**छापीहेड़ा।** स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा अपने आराध्य देव महर्षि गौतम की जयंती एवं गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष मनाया गया। विदित हो कि गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में प्रथम बार महर्षि गौतम जयंती का आयोजन किया गया महर्षि गौतम जयंती मनाने के लिए पुरुष एवं महिला कार्यकर्ताओं द्वारा समाज के सभी घरों पर जाकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पहले चावल देकर निमंत्रित किया गया था। जिसके फल स्वरुप रविवार शाम 7, बजे गायत्री मंदिर परिसर पर सभी समाज जन इकट्ठे हुए कार्यक्रम का प्रारंभ महर्षि गौतम का पूजन कर छोटे बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक भक्ति भजन पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खिलचीपुर से आए गुर्जर को ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी दिनेश शर्मा काका, देवेंद्र शर्मा आचार्य, राधेश्याम शर्मा, रविंद्र शर्मा एवं मातृशक्ति के रूप में कुमुद शर्मा उपस्थित थे अतिथियों के द्वारा समाज को एकता के सूत्र में हम कैसे बांध सकते हैं इस पर समाज का मार्गदर्शन किया और कहां की हम सौभाग्यशाली है कि हमें समाज के पूजनीय सम्माननीय ब्राह्मण कुल में हमारा जन्म हुआ इसलिए हम और हमारे बच्चों को संस्कार शिक्षित करने के साथ-साथ ऐसी मिसाल बने जो एक समाज के सामने उदाहरण हो मातृशक्ति के रूप में अतिथि कुमुद शर्मा ने मातृ शक्तियों से आवाहन किया कि वर्ष भर मनाये जाने वाले त्योहार समाज की सभी मातृशक्ति इकट्ठा होकर मनाएं और बच्चों को मोबाइल से दूर रखें कार्यक्रम दौरान समाज की बुजुर्ग 70 वर्ष से लेकर 100 वर्ष की मातृ शक्तियों को अतिथियों और समाज के द्वारा पुष्प माला से सम्मानित किया गया इसके पश्चात महर्षि गौतम की महाआरती की गई इस कार्यक्रम में जयदीप कौशिक,आयुष शर्मा का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन श्याम बिहारी कौशिक एवं आभार स्वदेश शर्मा ने माना अंत में सभी समाज बंधुओ ने सम्मिलित होकर सहभोज किया।

# खिलचीपुर मंडल की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**खिलचीपुर।** प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, संगठन मंत्री हितानद शर्मा, जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, शीला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद रोड माल नागर, विधायक हजारीलाल दांगी की सहमति से भारतीय जनता पार्टी मंडल खिलचीपुर के नवीन कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमें अध्यक्ष बद्री लाल दांगी के नेतृत्व में बवलू सोनी, रमेश चंद्र शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, आरती शर्मा, जगदीश दांगी प्रेम नारायण मालाकार को उपाध्यक्ष पद पर भारत सिंह तोमर, बलराम मेधवाल महामंत्री ओर रमेश चंद्र दांगी, ज्योति मालाकार, राय सिंह गुर्जर, सुमित्रा दांगी, पूनम पहाड़िया, राधा वाल्मीकि को मंत्री पद पर वहीं सुनील रामकरण शर्मा कोषाध्यक्ष, महेश मालाकार मीडिया प्रभारी, रामकरण सोलंकी सोशल मीडिया प्रभारी, अंकित गवली को आईटी सेल एल कर सिंह सोंधिया को कार्यालय मंत्री पद पर नियुक्त किया गया।

### लीलाधर पुष्पद की नवमी पुण्यतिथि पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ



**सारंगपुर।** देवलिया परिवार एवं श्री साईं सेवा समिति के तत्वावधान में जनमानस की सेवा में नगर पालिका सारंगपुर के प्रभारी सीएमओ दीपक रानवे द्वारा पूजा अर्चना कर निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमेंद्र सोलंकी, समाजसेवी राधेश्याम राठौर महेश पाटीदार संतोष पुष्पद लोकेश पुष्पद सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर श्री साईं सेवा समिति संस्थापक महेश प्रजापति ने सभी अतिथियों का दुप्पटा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया तथा मोमबत्ती जला कर पुष्पांजलि देकर स्वर्गीय इल्लु पुष्पद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मुफ्ती शाकिर फलाही कासमी ने दिया भाई चारे का संदेश

# ईद का उत्साह सौहार्द की मिसाल ईदगाह में अदा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/ सुठालिया

खुदा की बारगाह में झुके सर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अदा की ईद उल फितर की नमाज। मुस्लिम समाज के पवित्र रमजान महीने के रोजो व इबादत के उपरांत ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ईद के त्यौहार को लेकर विगत एक सप्ताह से मुस्लिम धर्मावलंबी तैयारियों में लगे हुए थे। रविवार शाम को ईद का चांद नजर आने पर सोमवार को ईद की नमाज अदा की गई। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इकबाल हुसैन ने बताया की ईद की नमाज के लिए 3 स्थानों का चयन किया गया था, जिसमें ईदगाह पर सुबह 9 बजे, हुसैनी मस्जिद में सुबह 9.15 बजे और जामा मस्जिद में सुबह 9.30 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। प्रशासन ने ईदगाह पर और मस्जिदों में नमाज की अदायगी के लिए सफाई, पानी, यातायात और सुरक्षा के बेहतरीन इंतजाम किए। ईदगाह पर ईद की नमाज के पूर्व अपने अपने उदबोधन में मदीना मस्जिद के इमाम मुफ्ती शाकिर फलाही कासमी ने कहा कि इस्लामी शिक्षा ऊंच-नीच और छुआछूत को समाप्त करने और समस्त मानवजाति को भाई-भाई बनकर जीवन व्यतीत करने का आव्हान करती हैं। अंतिम संदेष्टा हजरत मुहम्मद रसुलअल्लाह सल्लाहो अलैहि वसल्लम का कथन है, समस्त मानवजाति एक ईश्वर की निर्मित और एक मां-बाप की संतति है उनसे घृणा नही प्रेम करो, उन्हे निराश नही आशावान करो। ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज जामा मस्जिद के इमाम अरशद खान द्वारा अदा करवाई गई। ईद की नमाज के पूर्व ईदगाह पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के द्वारा मदीना मस्जिद में संचालित मकतब अल फलाह के छात्रों द्वारा अपने हाथों से पवित्र कुरान शरीफ लिखने वाले 6 छात्रों को पारितोषिक देकर नवाजा गया है।





### सुठालिया में भी हर्षोलास से मनाया गया ईद का पर्व

*सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया नगर के लाला झिरी रोड स्थित ईदगाह में एक साथ नमाज अदा की। रविवार शाम 6 से 7 बजे के बीच ईद का चांद नजर आने के बाद त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई शहर काजी बालुद्दीन ने नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि ईद प्रेम, शांति और भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने शहर में अमन-चैन की दुआ की और सद्भावना बनाए रखने की अपील की। सुरक्षा बल तैनात रहा प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। पुलिस ने सुरक्षा बल तैनात किए। मुस्लिम समाज ने 30 दिन के रोजे और तरावीह की नमाज के बाद ईद का त्योहार मनाया एवं एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रवीण जाट पटवारी सुनील यादव रहे उपस्थित रहे।*

खबर संक्षेप

## जनसेवक शारदाबाई को शॉल-श्रीफल भेंटकर किया विदा



**आष्टा।** सेवा निवृत्ति शासन की एक निश्चित प्रक्रिया है, शासकीय सेवा में कोई भी व्यक्ति हमेशा के लिए नही रहता उसे एक दिन अपने दायित्वों को छोड़ना होता है। आप सौभाग्यशाली है जो ऐसे विभाग में सेवाएं दी है जिससे सभी को काम पड़ता है। निश्चित ही आपने विभाग द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन किया है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के सभाकक्ष में आयोजित शारदाबाई के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। ज्ञात रहे कि श्रीमती शारदाबाई की जनसेवक के पद पर नियुक्ति वर्ष 2010 में हुई थी। जिनकी नगरपालिका सेवा पुस्तिका अभिलेख अनुसार अधिवार्षिकीय सेवा आयु 10 मार्च 2025 को पूर्ण हो चुकी है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के स्थापना शाखा प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रीमती शारदाबाई का एनपीएस, अर्जित अवकाश, नगदीकरण सहित समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण कर शीघ्र लाभान्वित किया जाए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, पार्षद डॉ. सलीम खान, सुभाष नामदेव, उपयंत्री प्रमोदकुमार साहू, अरूणा सोनी, नीलू ठाकुर, शोभा परमार, दीपिका जायसवाल, नेहा मेवाड़ा सहित नपा के अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे।

## आज किया जाएगा गणगौर का समापन

**सीहोर।** शहर सहित आस-पास के स्थानों में हर साल की तरह इस साल भी गणगौर का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। महिलाओं-युवतियों ने घर-घर में पूजा अर्चना की। महिलाओं और युवतियों ने हाथों में मेहंदी लगाई और विशेष श्रृंगार किया। भगवान शंकर-पार्वती के रूप में ईसर-गणगौर का पूजन किया जाएगा। अग्रवाल समाज के द्वारा बुधवार को दोपहर साढ़े तीन बजे सभी महिलाए एकजुट होगी और उसके पश्चात चार बजे शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सीवन नदी के तट पर पहुंचेगी। वहां पर विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद रात्रि नौ बजे झाले दिए जाऐंगे। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने सभी क्षेत्रवासियों से ईसर-गणगौर का पुष्प वर्षाकर स्वागत करे। संयुक्त तत्वाधान में गणगौर का पर्व महिलाओं के द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

### पिछले शिक्षा सत्र की कई उपलब्धियों के साथ नवीन शैक्षिक सत्र में मनाया प्रवेश उत्सव

# प्रवेश उत्सवः प्रतिभावान विद्यार्थियों का विधायक ने किया सम्मान, 12वीं के विद्यार्थियों को मिली स्कूटी और लैपटॉप





### विभिन्न शास्किय स्कूलों में हुए प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा/सिद्दिगंज/जावर

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावी में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम व सत्र 2024-25 के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व स्वाति उपाध्याय मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नेता एवं पार्षद प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षद डॉ. सलीम, बी.आर.सी.सी. अजब सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रवेशोत्सव में संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा शासकीय विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है, और विभिन्न योजनाओं के तहत 30 प्रकार की छात्रवृत्तियां भी विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। प्राचार्य श्री खान द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी परीक्षा में विद्यालय के 3 विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में अलग अलग संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किए। जिसमें श्रेया गुप्ता ने गणित संकाय में प्रथम स्थान, मुस्कान दवारिया ने कला संकाय में प्रथम स्थान और आशीष महेश्वरी ने वाणिज्य संकाय में जिला प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी वर्ष विद्यालय के 3 विद्यार्थियों को ई-स्कूटी योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्कूटी क्रय हेतु राशि 1,20,000/- प्रति छात्र विद्यार्थियों के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। ई-स्कूटी योजना का लाभ विद्यालय के विद्यार्थी श्रेया गुप्ता, आशीष महेश्वरी एवं हरिओम को प्राप्त हुआ। वर्ष 2024 में ही कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त 137 विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 25,000/- की राशि लेपटॉप क्रय हेतु उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 में विद्यालय के 383 और हाई स्कूल परीक्षा 2024 में 252 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के 11 विद्यार्थियों का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में हुआ। राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम पुरूस्कार विद्यालय के छात्र रमन सोलंकी ने प्राप्त किया। नेशनल मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति हेतु विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की। खेलकूद के क्षेत्र में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मोहिनी अवलोसिया और राष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्टबॉल में पंकज मालवीय ने सहभागिता की। इसके अतिरिक्त बालरंग, कालिदास समारोह एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने संभाग एवं राज्य स्तर पर सहभागिता करी।

### कोई विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है, तो कोई क्रीड़ा और संगीत के क्षेत्र मेंः विधायक

इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय म.प्र. का सबसे बड़ा सी.एम. राइज़ विद्यालय है। इसमें प्रशिक्षित शिक्षाविदों के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है, इसी का परिणाम है, कि इतनी अधिक संख्या में विद्यालय से प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन अलग - अलग क्षेत्र में हुआ है। कोई विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है, तो कोई क्रीड़ा और संगीत के क्षेत्र में। विधायक श्री इंजीनियर ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को पुरूस्कार प्राप्त हुए है, उनकों मैं बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं और जो विद्यार्थी पुरूस्कार से वंचित रह गए है, वे अपना भरसक प्रयास करे और आगामी सत्र में इन विद्यार्थियों से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

### विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित करेंः एसडीएम

कार्यक्रम में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान युग के विद्यार्थी बहुत ही प्रतिभावान होते है। विद्यार्थियों द्वारा पहले ही अपना लक्ष्य बना लिया जाता है, लेकिन विद्यार्थी अपने उस लक्ष्य को प्राप्त करने में मेहनत नही कर पाते है। वर्तमान युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। उन्होंने विद्यार्थियो से कहा कि आप समय की मांग को देखते हुए अपना लक्ष्य निर्धारित करें, उस लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना पूरा ध्यान केंद्रित करें और जब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त न करले तब तक थकना नही है, और रूकना नही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को जो पुरूस्कार प्राप्त हुए है, उनकों बधाई देता हूं, और संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी मन लगा कर अध्ययन करें। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में संबोधित करते हुए कि प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में पधारे विद्यार्थियों एवं पालकों को प्रवेशोत्सव की बधाई दी और कहा कि विद्यार्थी अपने गुरूजनों की आज्ञा का पालन करें, अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करें। विद्यार्थी सर्वप्रथम अपना लक्ष्य निर्धारित करें, कि उसे किस क्षेत्र में जाना है, उसी में अपना पूरा मन लगाएं। पार्षद प्रतिनिधि विशाल चौरसिया ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी पूरा मन लगाकर वर्षभर पढ़ाई की तरफ ध्यान दें मोबाइल का उपयोग केवल अध्ययन की दृष्टि से ही करें। मोबाइल में अनावश्यक रूप से समय बर्बाद न करें। पार्षद डॉ. सलीम खान ने अपने उदबोधन में प्रवेशोत्सव में पधारे पालकों एवं विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई दी।

### 78 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में वर्ष 2025 की परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यालय के 78 विद्यार्थियों को विभिन्न पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया। विद्यालय के 50 विद्यार्थियों को जिन्होंने संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सहभागिता की थी उन्हें स्पोर्टस किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार शिक्षक अंत्येश धारवां, संचालन संस्था के शिक्षक सतीश वर्मा द्वारा किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक असमा खानम, सम्राट ढोके, रघुवीर सिंह, जितेन्द्र धनवाल, अमिता सोनी, भूपेन्द्र शिंदे, पदमा परमार, जितेन्द्र मेवाड़े, जितेन्द्र आर्य, पवन कुमार राया, नमिता लोवंशी, राम सिंह, तेजपाल सिंह, अभिलाषा श्रीवादी, सपना यादव, वीरेन्द्र सिंह, स्मिता नायर, मुन्नीदेवी दोहरे, संदीप जायसवाल, आराधना चन्द्रवंशी, प्रकाश यादव, आशा रावत, कृतिका वर्मा, नीता जैन, रामेश्वर दामड़यि, निर्मलदास बैरागी,हेमंत मेवाड़ा, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, वंदना सोलंकी, शशि बिंजवा, हुकुमचंद, अनिल पटेल, ज्योति मंडलोई, ज्योति चौहान, डी.एस. मांडवा, मुकुंद सिंह बरोड़यिा, विजय अडगले, राजेश राठौर, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, कमलेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### कक्षा 12वीं के छात्र विजेश और छात्रा स्मिता को मिली स्कूटी




**सिद्धिगंज।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिद्धिगंज में मंगलवार को नए सत्र 2025 में स्कूल चले हम प्रवेश उत्सव छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मनाया गया। इस दौरान संकुल प्राचार्य और शिक्षिकाओं द्वारा प्रवेश उत्सव में आए छात्र-छात्राओं का हार फूल पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य गौरीशंकर वर्मा, सरपंच महेंद्र सिंह काजले, जनपद सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र धरवा, लक्ष्मी नारायण वर्मा पूर्व सरपंच, प्रेम मुंदडा सभी पत्रकार गण , गजराज सिंह राठौर, राधेश्याम वर्मा, अंतिम बाला श्रीवास्तव और स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही। वही 12वीं में सबसे अधिक अंक लाने पर छात्र विजेश, छात्रा स्मिता ठाकुर बापचा बरामद को स्कूटी भी प्रदान की गई। कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक लाने पर छात्र और छात्र को स्कूल संकुल प्राचार्य गौरीशंकर वर्मा व जनप्रतिनिधि द्वारा स्कूटी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान आए हुए अतिथियों का हार फूल से स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण वर्मा ने इस दौरान कहा कि आज देश के भविष्य के लिए छात्र-छात्राएं प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें राजनेताओं का स्वागत सम्मान ना होते हुए प्रवेश उत्सव में आए छात्र-छात्राओं का हार फूल से स्वागत सम्मान किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं का स्वागत हर फूल माला पहनकर किया गया।

## बमुलिया रायमल में हुआ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

शासकीय माध्यमिक शाला बमुलिया रायमल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें शाला प्रवेश उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम नवीन छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेश दिया गया। सभी बच्चों को कक्षा उन्नत करना नई कक्षा में प्रवेश दिया गया। नवसत्र 2025/26 का आरंभ किया गया तथा बच्चों को ज्ञान ग्रहण करने तथा व्यवहारिक ज्ञान का पाठ पढ़ाया गया। बच्चों को खेलकूद करवाया गया। बालको एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि संतोष विश्वकर्मा, सुरज सिंह पटेल, दिनेश शर्मा, अनिल शर्मा शिक्षक गण में प्रभारी प्रेम नारायण परमार, संध्या सोनी, सतीश कुमार गुप्ता, रवि शर्मा, मनोहर लाल प्रजापति आदि शिक्षक एवं अतिथि बच्चे उपस्थित रहे।

## गोशाला की गो माताओं का आहार खरीदने दान की राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नगर की मां पार्वती धाम गौशाला की गौ माताओं के आहार गेहूं के भूसे के लिए समाजसेवी कविता(निखार) जायसवाल नेदान राशि गौशाला समिति को प्रदान कि। इस अवसर पर गौशाला के रवि कामरिया उपाध्यक्ष किरण रांका, अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व पार्षद ने मां पार्वती धाम गौशाला समिति की ओर से कविता जायसवाल निखार, जायसवाल परिवार का आभार व्यक्त किया।

## आराधना करने से मिलती परम पद की प्राप्तिः सुपार्श्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



महिदपुर रोड स्थानीय श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर परिसर स्थित राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में विराजित परम पूज्य साध्वी श्री सुपार्श्व निधि जी महाराज साहब ने सोमवार को धर्म सभा में जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि 84 करोड़ों योनियों में भटकते हुए हमें यह दुर्लभ मानव भव प्राप्त हुआ है। हमें अपने चित को धर्म आराधना में लगाना चाहिए। जिससे हमारी भव भृमणा समाप्त हो जाए। सच्ची श्रद्धा भाव से नवपद की आराधना करने से व्यक्ति परम पद को प्राप्त कर सकता है।

प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में इस नव पद ओली आराधना को आवश्यक रूप से करना चाहिए जिससे हमारे आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो। धर्म सभा में सकल जैन संघ, श्रावक श्राविकाओ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया पूज्य साध्वी श्री के मंगलमय प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9: 15 से 10:30 बजे तक ज्ञान मंदिर में हो रहे हैं।

## जनप्रतिनिधि ने समाजजनों को दी ईद की शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

पूरे रमजान माह में रोजे रखकर मुस्लिम धमार्वलंबीजन दुआ और इबादत करते है। माह के अंतिम दिन चांद निकलने के बाद सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण ईदगाह पहुंचे, जहां नमाज अदा करने के पश्चात् शहरकाजी जनाब फजले बारी आरिफ साहब सहित मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों को गले लगाकर ईद की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पार्षद हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, डॉ. सलीम खान, कमलसिंह चैहान, मेहमूद खान, इदरीस मंसूरी, सलीम ठेकेदार, मुन्ना चक्की, रमेशचंद्र मालवीय, इरशाद अंसारी, जुनैद अंसारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिमजन मौजूद थे।

### किया सम्मान

ईद उल फितर के मोके पर जनप्रतिनिधि, नेता गणों ने ईदगाह उपस्तिथ होकर शहर काज़ी साब का स्वागत किया और समस्त मुस्लिम भाइयो क़ो ईद बधाई दी स्वागत करने वालों में विधायक गोपाल इंजीनियर कमल सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा हरपाल सिंह ठाकुर विनीत सिंघी सोभाल भैया मिया सिंह ठाकुर मुलगी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर जितेन सिंह ठाकुर शोभा खेड़ी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र परमार घनश्याम जांगड़ा इदरीस मंसूरी राजकुमार मालवीय रसीद नेता नइम इद्दीन जाहिद गुड्डू सलीम अंसारी महेन्द्र ठाकुर टीपो खेड़ी रामचंद्र देवरिया प्रदीप प्रगति नोसे खा आदि लोग मौजूद थे।



### नगर में 1100 कन्याओं का पूजन के साथ कन्या भोज का आयोजन कराया गया संपन्न

# धार्मिक आयोजन से होता है सनातन धर्म का प्रचारः मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नगर में भव्य ऐतिहासिक 1100 कन्याओं का कन्या पूजन एवं कन्या भोज का सफल आयोजन गीतांजलि गार्डन में संजीव सोनी पांचम मित्र मंडली द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा के मुख्य अतिथि में आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से ही गीतांजलि गार्डन में छोटी-छोटी कन्याओं के आगमन शुरू हुआ। उनका चुन्नी, फल, उपहार भेंट कर उनका पूजन अतिथि द्वारा किया किया गया। इस अवसर मां अंबे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा ने उद्बोधन देते हो कहा कि आष्टा नगर में हमेशा ही बड़े आयोजन भव्य रूप से होते हैं। ऐसे आयोजन से सनातन धर्म का प्रचार व आने वाली पीढ़ी के मन में बड़े आयोजन करने की प्रेरणा मिलती है। सभी आयोजन करता बधाई के पात्र हैं।




विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक एसडीपी आकाश आमलेकर, समाजसेवी प्रेम नारायण शर्मा, रघुनाथ सिंह मालवी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर ने भी उद्बोधन दिया। ऐतिहासिक कार्य की प्रशंसा की सभी अतिथियों का स्वागत संजीव सोनी पांचम मित्र मंडली ने माला व दुपट्टे पहनकर की। कार्यक्रम का आभार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम ने किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु, माता बहने और आयोजक समिति के वरिष्ठ बबलू सुराणा, मनोहर भोजवानी, रूपेश राठौर, दशरथ मेवाड़ा, गजेंद्र मालवीय, वीरेंद्र राठौड़, उमेश शर्मा, राजेंद्र सिंह मुरावर, संध्या बजाज, रुपाली चौरसिया, भगवती सोनी, अनिल धनगर, प्रवेश शर्मा, राजेश घेघंट, जुगल किशोर मालवी, सुनील प्रजापति, डॉ महेश मेवाड़ा, प्रकाश कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, कमलेश विश्वकर्मा, नितेश महाकाल, बंटू भैया, जीतमल, रविंद्र ठाकुर, शुभम सोनी, सुशील यादव, शिव प्रजापति आदि समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।